

मंगल मूरती मारुति नंदन
बधाइयां शुभकामनाएं


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 256 | इंदौर, गुरुवार 02 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




### जिले में शुरू हुआ नया शैक्षणिक सत्र

# पहले दिन नव प्रवेशित और अन्य विद्यार्थियों का स्कूलों में किया गया स्वागत-सत्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में बुधवार से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हुआ। पहले दिन स्कूल पहुँचे नव प्रवेशित और अन्य विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत-सत्कार किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों सहित स्कूल बैग, टिफिन, पानी की बोतल आदि का वितरण किया गया। "स्कूल चले हम" अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले का मुख्य कार्यक्रम सांदीपनी नवीन मालवा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू नाका में प्रवेश उत्सव के रूप में सम्पन्न हुआ। यह गरिमामय कार्यक्रम जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में उत्साह एवं हर्ष के वातावरण में सम्पन्न हुआ।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सतत् प्रगति हो रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़े और प्रवेश उत्सव को संबोधित किया तथा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, कलेक्टर शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता भार्गव स्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रमुख आधार है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि पूरे राष्ट्र में कई वर्षों बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा की नई नीति क्रांति लाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि प्रदेश को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता में नम्बर वन बनाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान शिक्षा है और प्रदेश का संकल्प है कि सभी शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाई हासिल करें एवं बेटे और बेटियां निरन्तर स्कूल जाए। प्रदेश उनके साथ है। साथ ही समाज में कोई परिवर्तन ला सकती है तो वह शिक्षा है।

विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विभिन्न नवाचार एवं आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। प्रदेश की इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को भविष्य मजबूत हो रहा है और यहीं विद्यार्थी आगे चलकर देश का भविष्य मजबूत करेंगे, देश को नई उपलब्धियां और नये पटल पर ले जायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता भार्गव स्वामी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जानकारी दी कि "स्कूल चले हम" अभियान एक अप्रैल से 4 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अधिकाधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

## डेली कॉलेज मामले में क्राइम ब्रांच की जांच शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। डेली कॉलेज के इंस्टाग्राम पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। डेली कॉलेज की तरफ से ही इस मामले में शिकायत की थी। जिसके बाद चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया था। केस दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक अहेड मीडिया की संचालिका को बयान के लिए बुलाया और उनके बयान दर्ज किए। दरअसल, 25 मार्च 2026 को क्राइम ब्रांच ने शिकायत के बाद चार लोगों पर केस दर्ज किया था। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि डेली कॉलेज के ही गजेंद्र सिंह ने शिकायत की थी। वॉइज ऑफ डीसी नाम से फेक पेज बनाया था। मामले को इन्वेस्टिगेशन में लिया है। नोटिस जारी कर सभी के बयान लिए जा रहे हैं।

क्राइम ब्रांच में 25 मार्च 2026 को केस दर्ज किया था। इस मामले में चार लोग संदीप पारेख, अनुराग जैन, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस के खिलाफ कायमी की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि जुलाई 2025 में वॉइस ऑफ डीसी नाम से एक इस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया। इसका पहले नाम वॉइस ऑफ डेली कॉलेज था। जिस पर सोसाइटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के खिलाफ झूठी, असत्य, अपमानजनक, दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाली पोस्ट की थी। साथ ही कई अन्य जानकारी भी दी थी। जिसके बाद मामले में कायमी की गई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार को अहेड मीडिया की संचालिका अलीशा सैनी को बयान के लिए बुलवाया था। उनसे कई बातों की जानकारी लेकर उनके बयान दर्ज किए गए। मीडिया से चर्चा में अलीशा सैनी का कहना है कि वॉइस ऑफ डेली कॉलेज नाम का ग्रुप बनवाया था। उसे अनुराग जैन और संदीप पारेख हैंडल कर रहे थे। नवंबर 2025 में उनके बोर्ड ऑफ गवर्नर के लिए हमसे संपर्क किया था। उस पेज के लिए लिमिटेड कंटेंट है। तीन एआई वीडियो है, एक दो शूट वीडियो है। ऐसे 8 से 9 वीडियो का कंटेंट हमने डिजाइन करवाया था। अलीशा सैनी ने बताया कि दिसंबर में जब इसकी शिकायत हुई और हमारी जानकारी में आया तो हमने कहा कि कैंपेन और पेज के लिए काम नहीं कर पाएंगे।

## भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन में "भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम" अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आई.एम.एस. परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।**



कार्यक्रम में भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव सहित आपदा के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं व्यवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भूकंप से होने वाले जोखिम, बचाव तकनीक, राहत कार्य, प्राथमिक उपचार एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन से जिले में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं तैयारियों को मजबूती मिलेगी।

## पिता की कार दोस्त ने हड़पी

### शादी में देवास जाने का कहकर ले गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमआईजी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने भरोसे का फायदा उठाकर कार हड़प ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी पीड़ित का पहले से दोस्त है।

पुलिस के मुताबिक, मोहित सूर्यवंशी निवासी श्याम नगर, सुखलिया की शिकायत पर आरोपी फैजान शाह पिता इसराह शाह, निवासी सम्राट नगर, खजराना के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी फैजान, मोहित से उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर (कार नंबर एमपी09झेडजे2262) लेकर गया और वापस नहीं की। मोहित ने बताया कि वह निजी नौकरी करता है। फैजान ने नवंबर 2025 में कहा था कि उसे शादी में देवास जाना है और वह दो दिन बाद कार लौटा देगा। दो दिन बाद जब कार वापस नहीं मिली तो मोहित ने फैजान को कॉल किया। इस पर उसने कहा कि कार उसके पास सुरक्षित है और कुछ दिन में लौटा देगा। मोहित लगातार फैजान से संपर्क करने की कोशिश करता रहा। बाद में संपर्क होने पर फैजान ने बताया कि उसने कार गिरवी रख दी है। इतना ही नहीं, उसने कार वापस करने से इंकार कर दिया और धमकाया भी। कई बार समझाइश देने के बावजूद उसने बात नहीं मानी। परेशान होकर मोहित ने लिखित शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह जानकारी भी सामने आई है कि फैजान इस तरह के मामलों में पहले भी शामिल रहा है और उसने अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की हो सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## स्वामी प्रकाश पुरी सेवा समिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कंपेल रोड, सनावदिया, इंदौर स्थित प्रकाश आश्रम की संचालन समिति, स्वामी प्रकाश पुरी सेवा समिति, की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव हेतु नियुक्त चुनाव अधिकारी श्री मनीष चौरसिया ने यह जानकारी दी, कि समिति के चुनाव 5 अप्रैल को प्रातः 9 बजे होंगे। इस हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है एवं नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। 1 अप्रैल नामांकन दाखिल करने हेतु अंतिम तिथि है। चुनाव अधिकारी ने यह आशा व्यक्त की कि चुनाव प्रक्रिया निर्बाध रूप से सफलता पूर्वक संपन्न होगी।

## ड्राई फ्रूट का लगेगा भोग

**इंदौर।** अरण्य धाम संत आश्रम पर हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। वर्ष 2003 से लगातार रामचरितमानस की चौपाइयों से गुंजायमान रहने वाले इस आश्रम में 2 अप्रैल को भव्य आयोजन होंगे। इस बार पवनपुत्र हनुमान का 151 किलो ड्राई फ्रूट (पंचमेवा) का भोग लगाया जा रहा हैं। प्रात: 9 बजे महाआरती और सामूहिक सुंदरकांड पाठ लगातार जारी है मंदिर परिसर में राजस्थान के चारभुजा नाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य प्रकृति बनाई है तो प्रवेश द्वार मथुरा के प्रेम मंदिर की तर्ज पर बनाया है. आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर रामजी बाबा, सीताराम भक्त मंडल के कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि साकेत वासी फलाहारी बाबा के समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार, हनुमान जयंती पर सुबह 9 बजे विशेष श्रृंगार और महाआरती होगी।

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 256 | इंदौर, गुरुवार 02 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'ईरान से कोई डील नहीं, उसे परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे'

### राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप का ऐलान

**वॉशिंगटन डीसी, (एजेंसी)** ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्र के नाम बीस मिनट का संबोधन दिया. ट्रंप जिन्होंने बार-बार यह धमकी दी है कि अगर ईरान शिपिंग के लिए होर्मुज स्ट्रेट को फिर से नहीं खोलता है, तो वह ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला करेंगे, आज संबोधन में बोले कि अमेरिका को इस होर्मुज मार्ग से तेल की जरूरत नहीं है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 06:30 देश को संबोधित किया. एक महीने से भी ज़्यादा वक्त पहले इज़रायल के साथ मिलकर हमले शुरू करने के बाद अपने पहले प्राइम-टाइम भाषण में उन्होंने ईरान में चल रहे युद्ध के बारे में ताजा जानकारी दी. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट से लगभग कोई तेल नहीं लेता है. हमें इसकी जरूरत नहीं है. जिन देशों को होर्मुज से तेल मिलता है, उन्हें उस रास्ते का ध्यान रखना चाहिए. उन्हें उसे संभालकर रखना चाहिए और उसकी हिफ़ाज़त करनी चाहिए.'

## इंडोनेशिया में फिर कांपी धरती, सुबह-सुबह आया 7.4 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इंडोनेशिया में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. मुल्क के पूर्वी हिस्से में स्थित टेर्नेट शहर के पास गुरुवार सुबह भूकंप के जोरदार झटकों से धरती कांप उठी. सुबह-सुबह आए 7.4 तीव्रता के इस भूकंप के बाद प्रशासन ने सुनामी की चेतावनी जारी की है, जिसके चलते तटीय इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए. एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, US जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) ने बताया कि गुरुवार तड़के पूर्वी इंडोनेशिया के समुद्र में 7.4 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया. इसके बाद, अमेरिका के एक मॉनिटरिंग सेंटर ने भूकंप के केंद्र से 1,000 किलोमीटर (621 मील) के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरों की आशंका जताते हुए चेतावनी जारी की.

## 54 साल बाद फिर चांद की उड़ान, नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** करीब 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का पहला मानव मिशन आर्टेमिस-II भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 4:05 बजे फ्लोरिडा से सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ। इस मिशन में क्रिस्टीना कोच, विक्टर ग्लोवर, रीड वाइसमैन और जेरेमी हैनसेन सवार हैं, जिन्हें एसएलएस रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। यह 10 दिन की यात्रा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी से करीब 4.06 लाख किलोमीटर दूर तक ले जाएगी, जो अब तक की सबसे लंबी मानव अंतरिक्ष यात्रा मानी जा रही है। आर्टेमिस-II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चांद के करीब तक जाएंगे, लेकिन वहां उतरेंगे नहीं। यह एक परीक्षण मिशन है, जिसका उद्देश्य भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए जरूरी तकनीक और क्षमताओं को परखना है। पूरा मिशन करीब 10 दिनों में पूरा होगा।

### एमपी में नए सत्र की धमाकेदार शुरुआत

# सीएम ने स्कूली बच्चों पर बरसाए फूल साइकिल-किताबें देकर बढ़ाया हौसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी। प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत इस बार उत्सव के रंग में नजर आई। 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत बुधवार को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव-2026 कार्यक्रम ने शिक्षा को जनआंदोलन का रूप दे दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बच्चों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें साइकिल व किताबें वितरित कर माहौल को उत्सव में बदल दिया।**




### दीपावली जैसा माहौल, स्कूलों में जश्न

प्रदेशभर के स्कूलों में प्रवेशोत्सव को त्योहार की तरह मनाया गया। हजारों बच्चों ने एक साथ स्कूलों में प्रवेश लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद सीएम ने बच्चों की प्रदर्शनी देखी और उनके साथ संवाद भी किया। बच्चों ने सेल्फी लेकर इस दिन को यादगार बना लिया।

### साइकिल, किताबें और योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने दूरदराज के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं, वहीं दोबारा स्कूल लौटने वाले बच्चों को किताबें भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, आज का दिन अद्भुत है। एक साथ हजारों बच्चे स्कूल में प्रवेश कर रहे हैं। जिनका स्कूल दूर है, उन्हें साइकिल मिल रही है। समय बदल रहा है। अब बच्चों को किताबें, यूनिफॉर्म और जरूरी सुविधाएं आसानी से मिल रही हैं। उन्होंने पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, पहले ऐसा संभव नहीं था कि हर बच्चे तक ये सुविधाएं पहुंचें। आज हम भाग्यशाली हैं कि बच्चों को बेहतर संसाधन मिल रहे हैं। सीएम ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा,देश बदल रहा है और हमारी सरकार भी उसी दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### ड्रॉपआउट जीरो, नामांकन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ड्रॉपआउट दर अब शून्य हो गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। हम गर्व से कह सकते हैं कि नामांकन में 19.6% की वृद्धि हुई है। शासकीय स्कूलों में बच्चों की प्रगति 32.4% तक पहुंची है। यह विश्वास का संकेत है।

### सरकारी स्कूलों की बढ़ी साख

सीएम के मुताबिक, सांदीपनि और पीएम श्री स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के चलते अब बच्चे निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में आ रहे हैं। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्थानीय भाषाओं में किताबें भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### हर वर्ग तक शिक्षा, बड़े स्तर पर सुविधाएं

- विद्यार्थियों को मिली सौगात
- 55 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म
- 1 लाख से अधिक छात्रों को लैपटॉप
- 76 हजार शिक्षकों की नियुक्ति
- 25 हजार से ज्यादा स्कूलों में 20 लाख विद्यार्थी

### युद्ध चलता रहा तो बिगड़ेंगे हालात

# 30 हजार लोगों का रोजगार खत्म, 5000 उद्योगों पर संकट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का सीधा असर अब मध्य प्रदेश, विशेषकर इंदौर और पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्रों पर दिखाई देने लगा है। युद्ध की स्थिति के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतें आसमान छू रही हैं और लॉजिस्टिक खर्च में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसका परिणाम यह है कि उद्योगों में उत्पादन की लागत बढ़ गई है और कई फैक्ट्रियों में काम की शिफ्ट कम करनी पड़ी है। यदि तनाव जल्द कम नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में उद्योगों में शटडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है। पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी ने बताया कि प्लास्टिक उद्योग सबसे अधिक प्रभावित है। कच्चे माल के दाम लगभग दो गुना हो गए हैं। पीवीसी, पाइप, बोतलें बनाने वाली कंपनियां बंद हो गई हैं। 100 से अधिक फैक्ट्रियां गैस से ही चलती हैं। इनमें 50 प्रतिशत गैस कम मिल रही है। दो से तीन शिफ्ट में काम करने वाली कंपनियों में एक ही शिफ्ट चल रही हैं। 20 हजार से अधिक लोगों का रोजगार सीधे खत्म



हुआ है और अप्रत्यक्ष रूप से 10 हजार लोगों का काम खत्म हुआ है। वहीं 25 हजार कर्मचारियों की तनख्वाह आधी हो गई है। प्लास्टिक दाने की कीमत बढ़ने से कई यूनिट बंद होने की कगार पर हैं। इंदौर और आसपास के करीब 5000 से ज्यादा उद्योग अपनी कच्चे माल की जरूरत के लिए 60 फीसदी तक मिडिल ईस्ट के देशों पर निर्भर हैं। बहरीन, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों से आने वाले बल्क ड्रग और पेट्रोकेमिकल्स की आवक प्रभावित हुई है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जारी तनाव की वजह से चीन और यूरोप से होने वाले आयात पर भी बुरा असर पड़ा है। इसके साथ ही समुद्री रास्तों में जोखिम बढ़ने से इंश्योरेंस मिलना भी कठिन हो गया है। आल इंडिया आर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) के महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि मध्य प्रदेश के फार्मा उद्योग के लिए वर्तमान स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। बिजनेस गिर रहा है। एक माह जैसे तैसे स्थिति संभाल सकते हैं लेकिन उसके बाद चुनौती बढ़ जाएगी। गैस की कमी के कारण फार्मा कंपनियों में इंजेक्शन उत्पादन प्रभावित हो रहा है। दवाओं के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले पैरासिटामॉल पाउडर और अन्य रसायनों की कीमतों में रातों-रात 20 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई बैठक

# कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट

## इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण को मिला अनुमोदन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में 'समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश' के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किये जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण से छूट रहेगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के परिवर्तित एलाइनमेंट को अनुमोदन प्रदान कर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

मप्र में आरटीई लॉटरी खुलेगी आज

# 1.78 लाख में से 1 लाख 22 हजार बच्चों को निजी स्कूलों में मिलेगा प्रवेश




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत प्रदेश में निजी स्कूलों में बिना शुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। इस प्रक्रिया में इस बार करीब 1 लाख 78 हजार 714 पात्र बच्चों को शामिल किया है।**

जिन्हें प्रदेश के लगभग 22 हजार निजी स्कूलों की 1 लाख 22 हजार 551 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। लॉटरी का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केंद्र के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। लॉटरी के बाद अभिभावक आरटीई पोर्टल पर अपने बच्चे को आवंटित स्कूल की जानकारी देख सकेंगे और प्रवेश प्रक्रिया आगे बढ़ा सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा गुरुवार को दोपहर 2 बजे आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा, जिससे अभिभावक पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से देख सकेंगे। लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर 2:15 बजे के बाद अभिभावक आरटीई पोर्टल पर लॉगिन कर अपने बच्चे को आवंटित स्कूल की जानकारी ले सकेंगे। साथ ही आवंटन पत्र डाउनलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से अभिभावकों को सुविधा देने के लिए आवंटित स्कूल की जानकारी उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी। इससे अभिभावकों को तुरंत जानकारी मिल सकेगी और उन्हें बार-बार पोर्टल चेक करने की आवश्यकता नहीं होगी। आरटीई अधिनियम के तहत गैर-अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों में कमजोर वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए कम से कम 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहती हैं। इन सीटों पर बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। प्रदेश में यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाती है, जिसमें आवेदन से लेकर स्कूल आवंटन तक सभी चरण डिजिटल माध्यम से पूरे किए जाते हैं। लॉटरी में चयनित बच्चों के अभिभावकों को 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच संबंधित स्कूल में जाकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

इस दौरान अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज लेकर स्कूल में उपस्थित होना होगा, ताकि समय सीमा के भीतर बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके। राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम होती है और पात्र बच्चों को निष्पक्ष तरीके से स्कूल आवंटन सुनिश्चित किया जाता है।

# दूसरे राज्य के सर्टिफिकेट पर आरक्षण नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अहम फैसले में साफ कर दिया है कि दूसरे राज्य से जारी ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाण पत्र के आधार पर मध्य प्रदेश में आरक्षण का लाभ नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि विवाह के आधार पर महिला को पति की जाति का आरक्षण लाभ नहीं मिलेगा।

मामला अर्चना दांगी का है, जो मूल रूप से जालौन (उत्तर प्रदेश) की निवासी हैं। उन्होंने उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2018 पास की थी, लेकिन दस्तावेज सत्यापन के दौरान उनका चयन इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि उनका ओबीसी प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश का था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि दांगी जाति उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दोनों में ओबीसी श्रेणी में शामिल है। साथ ही, विवाह के बाद वे मध्य प्रदेश की निवासी हो गई हैं, इसलिए उन्हें यहां आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। राज्य शासन की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि जाति का निर्धारण जन्म से होता है, न कि विवाह या निवास बदलने से। साथ ही, दूसरे राज्य से जारी जाति प्रमाण पत्र मध्य प्रदेश में मान्य नहीं होता। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा पहले ही सुप्रीम कोर्ट और अन्य न्यायालयों द्वारा स्पष्ट किया जा चुका है। कोर्ट ने दोहराया कि कोई भी व्यक्ति दूसरे राज्य में जाकर अपनी जाति का आरक्षण लाभ साथ नहीं ले जा सकता, भले ही जाति दोनों राज्यों में सूचीबद्ध हो।

# धोखाधड़ी के मामले में दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती दोषी

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने भेजा तिहाड़ जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक कानूनी पचड़े में फंसते जा रहे हैं। विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के बाद दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजेंद्र भारती को दिल्ली एमपी-एमलए कोर्ट ने दोषी ठहराया है। इसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। विधायक पर गलत तरीके से एफडी बढ़वाने का आरोप है।**



विधायक राजेंद्र भारती ने अपनी मां के नाम पर भूमि विकास बैंक में तीन साल के लिए 10.5 लाख रुपए की एफडी करवाई थी। इस एफडी पर 13.50 फीसदी का ब्याज मिल रहा था। एफडी की अवधि पूरी होने के बाद इसे बढ़ाकर 15 साल कर दी गई है। विधायक पर आरोप था कि एफडी की अवधि उन्होंने गलत तरीके से बढ़वाई थी। इसे लेकर बैंक कर्मचारी नरेंद्र सिंह ने कोर्ट में शिकायत की थी। कोर्ट ने इसे धोखाधड़ी का मामला मानते हुए केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। केस दर्ज होने के बाद जांच पूरी हुई और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें दोषी ठहराया है। हालांकि यह साफ नहीं हुई है कि उन्हें कितने दिनों की सजा सुनाई गई। इसके बाद विधायक राजेंद्र भारती को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। दतिया कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें सजा के बारे में जानकारी नहीं है। उन्हें कोर्ट ने दोषी ठहराया है। गौरतलब है कि राजेंद्र भारती कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के धाकड़ नेता नरोत्तम मिश्रा को उन्होंने चुनाव हराया था। वह तीसरी बार मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने हैं।

## संपादकीय

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा और होर्मुज: एक अटूट ऐतिहासिक और आर्थिक कड़ी

11वीं से 14वीं सदी के बीच होर्मुज का छोटा-सा द्वीप अपने पूरे वैभव पर था। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित यह द्वीप व्यापारियों और साम्राज्यों के लिए सोने की खान जैसा था। अरब, फारसी, चीनी और भारतीय व्यापारी यहीं से अपने मसाले, सूती कपड़े, नील, चावल और चीनी वगैरह फारस, मेसोपोटामिया, तुर्किये और यूरोप तक बेचते। कुछ व्यापारियों ने यहां बसने के लिए स्थानीय लोगों से शादी भी की थी। उन्होंने अपनी भाषा, रीति-रिवाज और खाने-पीने की चीजें द्वीप की संस्कृति में शामिल कर दीं। वहीं से वे फारसी घोड़े, मोती, खजूर और चीनी रेशम लेकर भारत लौटते और बड़ा मुनाफा कमाते। 14वीं सदी में मंगोलों के हमलों के बाद शासक मुख्य भूमि पर चले गए, जिससे व्यापार समुद्री मार्गों की ओर बढ़ा। 1453 में ऑटोमन साम्राज्य ने कुस्तुनतुनिया पर कब्जा जमाया और व्यापार के जमीनी रास्तों पर यूरोपियों की पहुंच मुश्किल कर दी। यूरोप के व्यापारी अब भारत और चीन तक पहुंचने के लिए समुद्री रास्ता तलाश रहे थे। 1498 से ही पुर्तगाल ने धीरे-धीरे भारत के पश्चिमी तट पर नियंत्रण बना लिया। 1507 तक अफोंसो डी अल्बाकर्की ने गोवा, बंबई और दीव तक अपनी पकड़ मजबूत की और होर्मुज पर 'फोर्ट ऑफ आवर लेडी ऑफ द कॉन्सेप्शन' बनाकर समुद्री मार्गों पर नियंत्रण जमाया। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी भी यहां पैठ बनाना चाह रही थी। 1608 में कैप्टन विलियम हॉकिन्स मुगल बादशाह जहांगीर के दरबार में गए और सूरत में व्यापारिक चौकी खोलने की अनुमति मांगी। इसके करीब 14 बरस बाद, 1622 में ब्रिटिश नौसेना ने शाह अब्बास की मदद से पुर्तगालियों को होर्मुज से बेदखल कर दिया। अगले 150 बरसों तक ब्रिटिश पॉलिटिकल रेजिडेंट्स ने होर्मुज पर अपना दबदबा रखा। भारत के वायसराय और बंबई के गवर्नर उनके कामकाज की देखरेख करते थे। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया के मौजूदा संघर्ष में दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं। अमेरिका की मंशा इसे स्वतंत्र समुद्री गलियारा घोषित करने की है ताकि हर देश का जहाज यहां से सुरक्षित गुजर सके। ईरान हमेशा कहता रहा है कि यह उसका पानी है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का राजनीतिक के अलावा आर्थिक महत्व भी है।

## धर्म-कर्म

# हनुमानजी के 12 नाम अर्थ सहित, इसके पाठ से मिलती है बजरंगबली की कृपा



बजरंगबली प्रभु राम के भक्त हैं। ऐसे में मान्यता है की उनकी पूजा और आराधना करने से हनुमानजी के साथ-साथ भगवान राम की भी कृपा प्राप्त हो सकती है। हनुमानजी के 12 नाम बहुत ही शक्तिशाली और पवित्र हैं, जिनका जाप करना बहुत उत्तम माना जाता है। मंगलवार, शनिवार, हनुमान जयंती आदि शुभ अवसरों पर ऐसा करने से जातक को बजरंगबली की कृपा प्राप्त हो सकती है। साथ ही, मानसिक शांति प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। आइए विस्तार से जानें हनुमानजी के 12 नाम और उनका अर्थ।

### भगवान हनुमान के द्वादश नाम

1. श्री हनुमते नमः
2. श्री अंजनिसुताय नमः
3. श्री वायुपुत्राय नमः
4. श्री महाबलाय नमः
5. श्री रामेष्टाय नमः
6. श्री फाल्गुण सखाये नमः
7. श्री पिंगाक्षे नमः
8. श्री अमितविक्रमे नमः
9. श्री उदधि क्रमणे नमः
10. श्री सीता शोक विनाशने नमः
11. श्री लक्ष्मण प्राणदात्रे नमः
12. श्री दशग्रीव दर्पहा नमः

## ● हनुमानजी के 12 नामों का अर्थ

### श्री हनुमते नमः

बजरंगबली का पहला नाम है हनुमानजी, जिसका अर्थ है- हनु (ठोड़ी) धंसा या टूटी हुई। हनुमानजी एक बार आकाश में चमकते हुए सूर्य को फल समझकर खाने जा रहे थे। तब इंद्रदेव ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। जब भगवान हनुमान नहीं माने तो इंद्रदेव ने क्रोधित होकर उनपर वज्र से प्रहार किया। जिसके चलते उनकी ठोड़ी धंस गई। इसी के चलते उन्हें हनुमान जी कहा जाता है।

### श्री अंजनिसुताय नमः

भगवान हनुमान का दूसरा नाम है अंजनिपुत्र जिसका अर्थ है- माता अंजनी के पुत्र। हनुमानजी वानरराज केसरी और अंजनी के पुत्र थे। इसीलिए उन्हें अंजनिपुत्र के नाम से भी जाना जाता है।

### श्री वायुपुत्राय नमः

हनुमानजी के 12 नामों में से तीसरा नाम वायुपुत्र है यानी- पवनदेव के पुत्र। पौराणिक मान्यताओं और कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान का जन्म पवनदेव के वरदान से हुआ था, इसीलिए उन्हें वायुपुत्र भी कहा जाता है।

### श्री महाबलाय नमः

पवनपुत्र हनुमानजी का चौथा नाम महाबल है जिसका अर्थ है- महाबलवान और शक्तिशाली। भगवान हनुमान को सभी देवताओं से कई प्रकार की शक्तियां और वरदान मिले थे। साथ ही, बजरंगबली बचपन से ही बहुत शक्तिशाली और ऊर्जा से भरपूर थे।

### श्री रामेष्टाय नमः

बजरंगबली का पांचवां नाम रामेष्ट है जिसका अर्थ है- भगवान राम के प्रिय। भगवान हनुमान प्रभु राम के परम भक्त थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, उन्होंने श्रीराम का प्रेम प्राप्त करने के लिए अपने पूरे शरीर पर सिंदूर का लेपन तक कर लिया था। इसीलिए हनुमानजी को रामेष्ट भी कहा जाता है।

### श्री फाल्गुण सखाये नमः

भगवान हनुमान का एक नाम फाल्गुनसखा भी है, जिसका मतलब है, अर्जुन के मित्र। कहा जाता है की महाभारत के अर्जुन का एक नाम फाल्गुन भी था और वे बजरंगबली के परम मित्र थे। इसी के चलते हनुमानजी को फाल्गुनसखा कहा जाता है।

### श्री पिंगाक्षे नमः

पवनपुत्र का सातवां नाम पिंगाक्ष है जिसका अर्थ है- सुनहरी या भूरा आंखों वाले। मान्यता है की भगवान हनुमान की आंखें सुनहरा अथवा भूरे रंग की थी। पिंग का अर्थ होता है सुनहरी या भूरी। इसीलिए बजरंगबली को पिंगाक्ष भी कहते हैं।

### श्री अमितविक्रमे नमः

हनुमानजी का आठवां नाम है अमितविक्रम जिसका मतलब है- असीम पराक्रमी। मान्यता है कि भगवान हनुमान वीरता ऐसी है जिसका अंत न हो। यानी वो अत्यंत पराक्रमी हैं और उनकी वीरता अनंत है। इसीलिए हनुमानजी को अमितविक्रमे कहा जाता है।

### श्री उदधि क्रमणे नमः

बजरंगबली के 12 नामों में से एक नाम उदधिक्रमण है जिसका अर्थ है- समुद्र को लांघ जाने वाले। रामायण कथा के अनुसार, भगवान हनुमान ने माता सीता की खोज करते हुए विशाल समुद्र को भी एक छलांग में लांघ दिया यानी पार किया था। इसीलिए उन्हें उदधिक्रमण भी कहा जाता है।

### श्री सीता शोक विनाशने नमः

भगवान हनुमान को सीताशोकविनाशन के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है- माता सीता के शोक यानी दुख को दूर करने वाले। रामायण कथा के अनुसार, बजरंगबली ने अशोक वाटिका में जाकर माता सीता को प्रभु राम द्वारा दी गई अंगूठी दिखाई। साथ ही, भगवान राम का संदेश उन्हें सुनाया था। जिससे मईया सीता का शोक दूर हुआ। यही कारण है की बजरंगबली को सीताशोकविनाशन भी कहते हैं।

### श्री लक्ष्मण प्राणदात्रे नमः

हनुमानजी का ग्यारहवां नाम है लक्ष्मणप्राणदाता जिसका अर्थ है- लक्ष्मण के प्राण बचाने वाले। रामायण कथा के मुताबिक, जब लक्ष्मणजी मूर्छित हो गए तो बजरंगबली द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी लेकर आए थे। जिससे लक्ष्मण के प्राण बच पाए। इसीलिए बजरंगबली को लक्ष्मण प्राण दाता भी कहा जाता है।

### श्री दशग्रीव दर्पहा नमः

बजरंगबली का बारहवां नाम दशग्रीवस्य दर्पहा है जिसका मतलब है- रावण के अहंकार को चूर करने वाले। मान्यता है की बजरंगबली ने लंकापति रावण के अहंकार को चूर कर दिया था। हनुमानजी ने लंका में घुसकर अपनी पूंछ से लंका में आग लगा दी थी।

## Maharashtra

# महाराष्ट्र के जालना में भीषण हादसा... मजदूरी पर जा रहीं महिलाओं को ट्रक ने रौंदा, 8 की मौत

**जालना, (एजेंसी) महाराष्ट्र के जालना जिले से एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है. समृद्धि महामार्ग पर कडवंची गांव के पास हुए भीषण हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच घायल नागरिकों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है. हादसा उस समय हुआ जब मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा हाथी पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़ा था.**

जानकारी के अनुसार, सभी महिलाएं समृद्धि महामार्ग पर मजदूरी का काम करती थीं और काम के सिलसिले में वाहन से जा रही थीं. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि 8 महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची. राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया और घायलों को पहले जालना जिला सामान्य अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

प्राथमिक जांच में हादसे का कारण ट्रक चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ सदोष मनुष्यवध का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है और स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है. हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

इस बीच जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना. उन्होंने मृतकों के परिजनों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया.

## Punjab

● खालिस्तानी संगठन ने जिम्मेदारी ली...

# पंजाब भाजपा हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट



**चंडीगढ़, (एजेंसी)** चंडीगढ़ में BJP के पंजाब मुख्यालय के बाहर बुधवार शाम 5 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट के बाद वहां पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। BJP ऑफिस की दीवार पर 70 से 80 छर्रों जैसे निशान बन गए हैं।

इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति ग्रेनेड की पिन खोलकर उसे फेंककर भाग रहा है। इस दौरान धमाके की आवाज भी सुनाई देती है। वहीं, खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर की ओर से एक पोस्ट भी सामने आई है, जिसमें खालिस्तानी संगठन हमले की जिम्मेदारी ले रहा है।

चंडीगढ़ पुलिस के साथ ही सेना और NIA की टीम भी मौके पर पहुंची है। बम और डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीमों के जरिए पूरे इलाके को खंगाला जा रहा है। टीम ने विस्फोटक के टुकड़ों की भी जांच की है। पुलिस को CCTV में 2 संदिग्ध नजर आए हैं। ये दोनों बाइक पर BJP ऑफिस के आसपास आते-जाते भी दिख रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है।

## Jharkhand

# बेटे की बीमारी ठीक करने के लिए बेटी की बलि चढ़ा दी, झारखंड में तंत्र-मंत्र का खौफनाक खेल

**हजारीबाग, (एजेंसी)** झारखंड में तंत्र-मंत्र के नाम पर खौफनाक घटना सामने आई है। तांत्रिक के बहकावे में आकर एक मां ने अपनी बेटी की बलि चढ़ा दी। तांत्रिक ने उससे कहा था कि बेटे को सभी बीमारियों से ठीक करने के लिए उन्हें एक कुंवारी लड़की की बलि देनी होगी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि हजारीबाग जिले के कुसुमभा गांव में एक बलि अनुष्ठान के दौरान 13 साल की लड़की की गला घोंटकर मारने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लड़की की 35 साल की मां, एक तांत्रिक और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन और हजारीबाग के डीआईजी अंजनी झा ने बुधवार देर रात हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि उन्होंने लड़की की मां रेशमी देवी, 55 साल की तांत्रिक शांति देवी और 40 साल के भीम राम को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

## Uttarpradesh

फर्रुखाबादः बहन से छेड़छाड़ पर खौफनाक सजा!

# दोस्त की हत्या कर खेत में गाड़ दिया शव, 9 महीने बाद मिला कंकाल

**फर्रुखाबाद, (एजेंसी)** फर्रुखाबाद के गुजरपुर पमारान गांव में 20 जुलाई को रामू यादव ने अपने दोस्त ओमवीर राठौर की शराब पिलाकर गला दबाकर हत्या कर दी. आरोपी ने रंजिश के चलते शव को फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग के पास एक खेत में 6 फीट गहरे गड्ढे में गाड़ दिया था. पुलिस ने 9 महीने बाद अब मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर जेसीबी की मदद से कंकाल बरामद किया. यह वारदात बहन से छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए अंजाम दी गई थी.

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह ओमवीर को घर से बुलाकर ले गया था. मक्के के खेत में खुदाई के दौरान 24 घंटे की मशक्कत के बाद ओमवीर का



कंकाल, कपड़े और अन्य सामान मिला.

फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. परिजनों ने पहले ही गांव के कुछ लोगों पर शक जाहिर करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था. फिलहाल, आरोपी ने बहन से छेड़छाड़ की रंजिश में हत्या की बात कबूल कर ली है.

## खेल

# IPL 2026: दिल्ली की पहली जीत, लखनऊ के इकाना में चला 'समीर' का जादू

**लखनऊ, (एजेंसी)** लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की घातक गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल 2026 की अपनी पहली जीत दर्ज की। बुधवार को लखनऊ को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहली ही गेंद पर केएल राहुल (0) के रूप में झटका लगा। इसके बाद टीम ने 26 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। इस बीच पथुम निसांका एक रन, नीतीश राणा 15 रन और कप्तान अक्षर पटेल खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे।

यहां से समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 गेंदों में 119 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 17 गेंदें शेष रहते जीत दिला दी। रिजवी 47 गेंदों में चार छक्कों और पांच चौकों के साथ 70 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि स्टब्स ने 39 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से प्रिंस यादव ने 20 रन देकर दो विकेट निकाले। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट हाथ लगा।

इससे पहले लखनऊ की टीम 141 रन ही बना पाई थी। टीम को 19 के स्कोर पर कप्तान ऋषभ पंत (7) के रूप में झटका लगा। इसके बाद मिचेल मार्श ने एडेन मार्करम (11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। मार्श ने टीम के खाते में 35 रन का योगदान दिया। टीम ने 71 के स्कोर तक अपना पांचवां विकेट खो दिया था। यहां से अब्दुल समद ने मुकुल चौधरी के साथ 34 रन और शाहबाज अहमद के साथ 33 रन की साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

अब्दुल समद 25 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाहबाज अहमद ने नाबाद 15 रन जुटाए। मुकुल ने टीम के खाते में 14 रन जोड़े। विपक्षी खेमे से लुंगी एनगिडी और टी नटराज ने तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि कुलदीप यादव ने दो विकेट निकाले। एक विकेट अक्षर पटेल के नाम रहा।

इसी के साथ सभी टीमों का मौजूदा आईपीएल सत्र में एक-एक मुकाबला हो चुका है। शुरुआती पांच मैचों के बाद आईपीएल 2026 की अंक तालिका का हाल कैसा है? आइये जानते हैं...

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती पांच मुकाबलों के बाद अंक तालिका दिलचस्प हो गई है।

## सिनेमा

# आलिया भट्ट ने देखा 'रामायण' का टीजर, पति रणबीर कपूर की परफॉर्मेंस की हुई दीवानी, बोलीं- अद्भुत




2 अप्रैल का दिन मूवी लवर्स के लिए बेहद खास है. रणवीर सिंह की मचअवेटेड फिल्म रामायण का टीजर रिलीज होने वाला है. इसमें उन्होंने भगवान राम का रोल प्ले किया है. फिल्म की पहली झलक देखने के लिए फैंस बेताब हैं. यूएस में इसका टीजर पहले ही रिलीज किया जा चुका है. इंटरनेशनल जनता ने इसे शानदार रिस्पॉन्स दिया है. रणबीर कपूर की पत्नी आलिया भट्ट ने भी मूवी का टीजर देख लिया है. एक्ट्रेस ने इसका रिव्यू किया है. उन्होंने पति रणबीर की तारीफों के पुल बांधे हैं. आलिया के मुताबिक, रामायण की पहली झलक इस दुनिया से परे है. सबने शानदार काम किया है. फैंस के साथ सोशल मीडिया इंट्रैक्शन में आलिया ने रामायण के टीजर को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की है. वो कहती हैं- रामायण यूनिट कल आ रही है. इसे रामा यूनिट भी कहते हैं. मैं इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाली हूं. तो आप भी इस मूवी को सपोर्ट करें. फिर रणबीर की परफॉर्मेंस को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा- ये सचमुच शानदार है. मुझे लगता है रणबीर ने शानदार काम किया है. मैं चाहती हूं आप लोग भी जल्द से जल्द ये टीजर देखें. ये दुनिया से परे है. फैंस आलिया का ये वीडियो देखकर और भी एक्साइटेड हो गए हैं. एक यूजर ने लिखा- आलिया हमेशा ही रणबीर कपूर की फैनगर्ल रही हैं.

## Highlights

1. Toll plazas go cashless from today, FASTag annual pass to cost ₹75 more
2. What is behind the unusual weather changes across North India?
3. J'khand CM's ₹69 cr residence project sparks row; Soren making 'Sheesh Mahal', says BJP
4. Census 2027 begins today, to be conducted digitally for first time
5. China moves to cut homework, ease student stress
6. NDA unveils 'Developed Kerala' roadmap

# Tanker carrying Iranian crude oil headed for India after a 7-year gap

**NEW DELHI, (Agency).** A tanker with Iranian crude oil has been flashing India's west coast as its destination, according to maritime tracking sites, in what could be the first such import in nearly seven years.

The Eswatini-flagged Ping Shun's transponders and AIS (automatic identity system) have signalled it is headed for the Vadinar offshore terminal and is expected to reach the facility by April 4, according to the Kpler-owned MarineTraffic and Winward, both providers of global commodity and ship data.

At an interministerial briefing earlier on Wednesday, Mukesh Mangal, additional secretary, shipping ministry, said he had no knowledge of the ship.

A government official later told HT that the vessel was headed for India, subject to it fulfilling all legal documentation mandated by international maritime protocols.



Two main crude agents for Kandla port, which administers the Vadinar terminal, had no knowledge of the matter. Ships usually file documentation with agents after finalising insurance and other procedures, an official overseeing marine traffic said, requesting anonymity.

To be sure, transponder data from ships in the Strait of Hormuz, which Iran has all but shut down, isn't always reliable because of widespread spoofing and misreporting to escape danger, analysts said.

On March 21, President Donald Trump allowed the sale of Iranian oil already loaded onto tankers in an attempt to cool soaring crude prices. The ship is operated by Nycity Shipmanagement Co. Ltd, a Chinese firm.

India imports nearly 90% of its crude, half of its liquefied natural gas and two-thirds of its LPG, most of which comes from West Asia through the Strait of Hormuz, where Iran's crackdown on traffic has choked off global supplies since the conflict began on Feb 28.

# SpaceX files for potentially biggest IPO in history, listing likely in June 2026

**NEW DELHI, (Agency).** SpaceX, the rocketmaker and satellite operator controlled by billionaire Elon Musk, has confidentially filed for an initial public offering, which could pave the way for the biggest stock market listing in history.

The Starbase, Texas-based company is targeting a valuation of more than $1.75 trillion, Bloomberg News reported on Wednesday (1 April 2026), citing people aware of the matter. That would signal that space exploration has moved from speculative venture to mainstream investment. The filing for a SpaceX IPO follows a merger of SpaceX and Musk's AI startup xAI. That deal valued the rocket business at $1 trillion and the developer of the Grok chatbot at $250 billion. Last year, the world's richest person merged X (formerly Twitter) into xAI via a share swap. Musk is reportedly seeking a SpaceX listing on the Nasdaq.




SpaceX may seek to raise more than $50 billion, eclipsing the $29.4 billion raised by Saudi Aramco in 2019. The move comes as a jolt to a dormant US IPO market, potentially opening the floodgates for the likes of OpenAI and Anthropic.

"Investors seem to be clamouring for any sort of exposure to SpaceX," Angelo Bochanis, an analyst at Renaissance Capital, told Reuters. While the company's fundamentals are robust, its valuation—much like Tesla Inc.'s—will likely trade on the public's belief in Musk's long-term vision, he said.

# बाणेश्वर कुंड मंदिर परिसर में अश्लीलता कर रहे युवक को पीटा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणेश्वर कुंड मंदिर परिसर में युवक-युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने उन पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए न सिर्फ उनके साथ मारपीट की, बल्कि पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने युवक-युवती को आपत्तिजनक स्थिति में देखने का दावा किया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने दोनों को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान कई लोग वीडियो बनाते रहे। पुलिस के अनुसार युवक-युवती की ओर से किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, जिसके चलते उन्हें बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया। सूचना मिलते ही एफआरवी (डायल-112) मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले जाया गया।

## तेज रफ्तार कार ने किसान को टक्कर मारी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खंडवा रोड पर हुए सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। मंडी में सब्जी देकर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा मंगलवार सुबह हुआ। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए लेकिन उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर ली है, जबकि ड्राइवर फरार है। परिजनों के अनुसार लखन खेत की सब्जी बेचने गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कार को पकड़ लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक शिवनगर निवासी 45 वर्षीय लखन मस्कार को उमरीखेड़ा के पावर हाउस के पास कार (MP09CE5787) ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। लखन के परिवार में पत्नी, मां और दो बेटे हैं। दोनों बेटे पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें बड़ा बेटा पिता के साथ काम में हाथ भी बंटाता था। परिवार के लिए लखन ही मुख्य सहारा थे। उनके पिता और भाई का पहले ही निधन हो चुका है।

एक फ्लैट, दो डील

## 35 लाख की ठगी

### दो आरोपियों के बाद महिला गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने फ्लैट बेचकर रजिस्ट्री न करने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को पकड़ चुकी है।** एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के मुताबिक फरियादी फैसल अहमद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहित महाजन, निसार अली और सायरा ने मिलकर फ्लैट बेचने के नाम पर करीब 35 लाख रुपए की ठगी की। आरोपियों ने सौदा तय कर नगद और ऑनलाइन रकम ले ली, लेकिन इसके बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं की और फरियादी को लगातार टालते रहे। मंगलवार को क्राइम ब्रांच टीम ने महिला आरोपी सायरा को भी गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को मामले का खुलासा किया गया। फिलहाल पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने उसी फ्लैट की रजिस्ट्री फरियादी के बजाय मोहित महाजन की भाभी के नाम पर 17 लाख रुपए में कर दी। इस तरह एक ही फ्लैट को दो लोगों को बेचकर आरोपियों ने धोखाधड़ी की। इस मामले में क्राइम ब्रांच पहले ही मोहित महाजन (निवासी कनाडिया) और निसार अली को गिरफ्तार कर चुकी है।

## तेज रफ्तार आयशर खड़े ट्रक में घुसी

**इंदौर।** कनाडिया के बिचौली हप्सी ब्रिज पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। सीमेंट से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक आगे खड़े दूसरे ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में सूचना मिलने पर टीआई सहर्ष यादव भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ड्राइवर को बाहर निकाल लिया गया था। उसका एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बायपास पर काफी अंधेरा होने के चलते यह हादसा हुआ। पुलिस लापरवाही के एंगल से मामले की जांच कर रही है।




ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक